भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2903
गुरुवार, 8 अगस्त, 2024 / 17 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

वाणिज्यिक रूप से प्रचालनशील हवाई अड्डे

2903. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मुंबई, पुणे और नागपुर के अलावा पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए प्रचालनशील किए गए हवाई अड्डों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऐसे हवाई अड्डों को महानगरों से समुचित संपर्क प्रदान किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का महाराष्ट्र में यात्रियों के लाभ के लिए वाणिज्यिक रूप से प्रचालनशील किए जाने वाले और अधिक हवाई अड्डों की स्थापना करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान, महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग और गोंदिया हवाईअड्डा प्रचालनशील किया गया है।

(ख) : क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़ान के अंतर्गत सिंधुदुर्ग को मुंबई, हैदराबाद और बैंगलुरु से जुड़े हुए मार्गों को प्रचालनशील कर दिया गया है। गोंदिया हवाईअड्डे को शमशाबाद से जोड़ने के लिए एयरलाइन प्रचालन अनुसूचित है।

(ग) और (घ) : नागर विमानन मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार के सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (सिडको) को नवी मुंबई, महाराष्ट्र में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के विकास के लिए "सैद्धांतिक" मंजूरी दे दी है। परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि दिसंबर, 2024 है।

******